समाहरणालय–जहानाबाद
समेकित बाल विकास सेवाएँ (ICDS) जहानाबाद, बिहार
(जिला प्रोग्राम शाखा, प्रथम तल, विकास भवन, जहानाबाद)

# हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन अंतर्गत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन का प्रारूप :–

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक WCDC/2080/23 दिनांक 22.09.2023 एवं WCDC/2092/23 दिनांक 27.09.2023 एवं समय समय पर निर्गत पत्रों/दिशा निर्देशो के आलोक में हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, जहानाबाद के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :–

| क्र0 | पद का नाम | पदो की सं0 | पूर्व से नियोजित कर्मियों की संख्या | रिक्त पदों की संख्या | कोटि | योग्यता /अर्हता | मूल मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लैंगिक विशेषज्ञ | 02 | 01 | 01 | अति पिछड़ा | **शैक्षणिक योग्यता:** सामाजिक कार्य/अन्य सामाजिक विषयों–समाजशास्त्र/ग्रामीण विकास/ग्रामीण प्रबंधन/ LSW /मनोविज्ञान/महिला अध्ययन में स्नातक। **अनुभव:** जेंडर आधारित विषयों में सरकारी/गैर–सरकारी संगठन के साथ कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव। | 23,000 |
| 2 | वित्तीय साक्षरता में विशेषज्ञ | 01 | 00 | 01 | अनारक्षित | **शैक्षणिक योग्यता:** अर्थशास्त्र/वाणिज्य में स्नातकोत्तर। **अनुभव:** वित्तीय साक्षरता/वित्तीय समावेशन केंद्रित विषयों में सरकारी/गैर–सरकारी संगठन के साथ कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव। | 21,000 |
| 3 | लेखा सहायक | 01 | 00 | 01 | अनारक्षित | **शैक्षणिक योग्यता:** वाणिज्य में स्नातक–B.com. **अनुभव:** संबंधित क्षेत्र में सरकारी/गैर–सरकारी संगठन के साथ कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव। | 16,000 |
| 4 | डाटा इण्ट्री ऑपरेटर | 01 | 00 | 01 | अनारक्षित | **शैक्षणिक योग्यता:** कम्प्यूटर/आई.टी. में स्नातक। **अनुभव:** डेटा प्रबंधन,प्रकिया दस्तावेज़ीकरण और वेब आधारित रिर्पोटिंग प्रारूप आदि में सरकारी/ गैर–सरकारी/आई.टी आधारित संगठनों के साथ 3 वर्ष का अनुभव। | 13,500 |
| 5 | मल्टी पर्पस स्टॉफ | 01 | 00 | 01 | अनारक्षित | **शैक्षणिक योग्यता:** किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 प्रणाली के तहत 10वीं कक्षा में उतीर्ण। | 12000 |



Scanned with OKEN Scanner

# समाहरणालय–जहानाबाद

समेकित बाल विकास सेवाएँ (ICDS) जहानाबाद, बिहार
(जिला प्रोग्राम शाखा, प्रथम तल, विकास भवन, जहानाबाद)

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के ज्ञापांक WCDC/169/24 दिनांक 18.01.2024 के कंडिका 02 के अनुसार रिक्त पदों पर नियोजन के लिए बिहार सरकार द्वारा निर्धारित उम्मीदवार की न्यूनतम आयु बेसिक ग्रेड के लिए 18 वर्ष तथा स्नातक ग्रेड या अधिक के लिए 21 वर्ष है।
उम्र सीमा – संविदा पर नियोजन हेतु उम्र सीमा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को निम्नवत होगी।

II. अधिकतम आयु सीमा –

| | |
|---|---|
| अनारक्षित (पुरूष) | – 37 वर्ष |
| पिछड़ा वर्ग / अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) | – 40 वर्ष |
| अनारक्षित वर्ग (महिला) | – 40 वर्ष |
| अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) | – 42 वर्ष |

1. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होंगे।
2. नियोजन मे सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा लागू आरक्षण का प्रावधान प्रभावी होगा।
3. आरक्षण का लाभ केवल उन्ही आवेदकों को मिलेगा जिनके पास बिहार का अधिवास है।
4. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रयोजन के लिए, संदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।
5. कर्मियो को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF तथा ESIC देय होगी।
6. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो बिना किसी पूर्व सूचना के या 15 दिनों के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध मे नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात सेवा मे नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे न सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे। उनका नियोजन जिला हब फॉर एम्पावरमेन्ट ऑफ वीमेन के अधीन होगा।
7. विभिन्न पदों पर नियोजन उम्मीदवारों की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।
8. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग / संस्थान / कार्यालय में कार्यनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
9. सरकारी / अर्ध –सरकारी अथवा गैर–सरकारी विभाग / संस्थान / कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।
10. चयन प्रक्रिया–निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों में मेधा सूची के अनुसार साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित Email ID एवं जिला के NIC वेबसाईट–https://jehanabad.nic.in पर दी जाएगी। जिला पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जायेगा।
11. मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी प्रकार की सुविधा के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
12. विज्ञापन एवं सेवा शर्तों से संबंधित सभी अधिकार, जिला पदाधिकारी, जहानाबाद के अधीन है। जिला पदाधिकारी, जहानाबाद विज्ञापन को संशोधित / रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।
13. चयन समिति द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाएगा कि प्रशासनिक पद हेतु अभ्यर्थी के पास कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान हो।
14. विज्ञापन प्रकाशन की तिथि के पूर्व का वांछित कार्य अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। विज्ञापन प्रकाशन की तिथि के बाद का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र किसी भी स्थिति में मान्य नही होगा।
15. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रमाण पत्र ही मान्य मानी जाएगी।
16. मेधा अंक समान होने पर जन्म तिथि के आधार पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया जाएगा।
17. समान मेधा अंक एवं समान जन्म तिथि होने की स्थिति में लॉटरी व्यवस्था से निर्णय लिया जाएगा।
18. स्वीकृत श्रमबल के विरूद्ध रिक्त पदों पर चयन के लिए कम से कम 3 अभ्यर्थियों का पैनल तैयार किया जाएगा, ताकि चयनित कर्मी द्वारा पद त्याग / निष्कासन की स्थिति में रिक्त पद पर अन्य वरीयता प्राप्त अभ्यर्थी का नियोजन किया जा



Scanned with OKEN Scanner

# समाहरणालय–जहानाबाद

समेकित बाल विकास सेवाएँ (ICDS) जहानाबाद, बिहार
(जिला प्रोग्राम शाखा, प्रथम तल, विकास भवन, जहानाबाद)

रहेंगे। यह पैनल एक वर्ष की अवधि तक प्रभावी होगा। सक्षम प्राधिकार द्वारा पैनल की अवधि अगले एक वर्ष के लिए विस्तारित की जा सकती है।

19. चयनित अभ्यर्थी द्वारा संबंधित जिला के पुलिस अधीक्षक के स्तर से निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र एवं संबंधित जिला के सिविल सर्जन द्वारा निर्गत मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा।

20. चयनित अभ्यर्थियों को नियोजन के सेवा शर्तों के आलोक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी–सह–नोडल पदाधिकारी जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन के साथ एकरारनामा पर हस्ताक्षर करना होगा।

21. इच्छुक अभ्यर्थी लैंगिक विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता में विशेषज्ञ, लेखा सहायक, डाटा इण्ट्री ऑपरेटर, एम0टी0एस0 के पद हेतु दिनांक 10.02.2026 से दिनांक 24.02.2026 तक अप0 11:59 बजे तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र/अंक प्रमाण पत्र की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति के साथ **https://miswcdc.bihar.gov.in/publicweb/BeforeFillingApplicationJeh.aspx** पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जायेगा।

22. एक से अधिक पदों के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होंगे।

23. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

24. अभ्यर्थी, विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु नियमित रूप से जिला NIC Jehanabad के वेबसाइट https://jehanabad.nic.in का अवलोकन करते रहेंगे।

ह०/-

जिला पदाधिकारी,
जहानाबाद।

ज्ञापांक 152 /जि0प्रो0 जहानाबाद, दिनांक 5 / 2 /2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक निदेशक/उप सचिव–सह–स्थापना प्रभारी/प्रशासी पदाधिकारी, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– प्रबंध निदेशक,महिला एवं बाल विकास निगम,बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

ह०/- 05/02/26

जिला पदाधिकारी,
जहानाबाद।

G:\DPO Documents 2026\WDCD\Add.on HUB\Chayan-niyojan.doc

Scanned with OKEN Scanner